<u>समाचार</u>

# निगम के निर्माण व विकास कार्यो को दी जा रही गति–महापौर

## (वार्ड क्र. 02 अंतर्गत सामुदायिक शेड, निर्माण व मरम्मत तथा जलाराम मंदिर के पास शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया महापौर ने)




कोरबा 18 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि कोरोना संकट के कारण निगम के निर्माण व विकास कार्यो में अवरोध आया था, किन्तु अब विकास एवं निर्माण कार्यो को गति दी जा रही है, पूर्व में जारी विकास कार्यो के साथ–साथ नए विकास कार्य लगातार प्रारंभ हो रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा मुझे निरंतर निगम क्षेत्र के विकास के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है तथा निगम के एम.आई.सी.सदस्यों व पार्षदगणों का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 02 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के महापौर मद से स्वीकृत एवं 11 लाख 03 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 02 अंतर्गत सामुदायिक शेड निर्माण व मरम्मत तथा जलाराम मंदिर के पास शौचालय एवं मूत्रालय निर्माण का कार्य कराया जाना है, जिसका भूमिपूजन आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य श्री संतोष राठौर एवं श्रीमती सपना चौहान, पार्षद रवि चंदेल, वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर श्री प्रसाद ने उक्त निर्माण कार्य हेतु पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर कार्य का शुभारंभ कराया। इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में उन्होने आगे कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद

श्रीमती ज्योत्सना महंत एवं पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल व्यवस्तावश आज यहां उपस्थित नहीं है किन्तु उनका निरंतर मार्गदर्शन क्षेत्र के विकास के लिए मिल रहा है। उन्होने कहा कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के महापौर मद से यह निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था, कोरोना संकट के चलते कार्य में देरी अवश्य हुई किन्तु मुझे प्रसन्नता है कि आज नवरात्रि के प्रथम दिन प्रतिपदा को इस निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया जा रहा है। वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज शर्मा भी लगातार इस निर्माण कार्य की प्रक्रिया की जानकारी मुझसे लेते रहे हैं।

**राजस्व मंत्री के प्रति आभार**'– इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं गुजराती समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री मनोज शर्मा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि यह निर्माण कार्य राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के महापौर मद से स्वीकृत किया गया था। आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने इसका भूमिपूजन किया है, महापौर श्री प्रसाद का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के प्रति हृदय से आभारी हूँ तथा अपने समाज की ओर से उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ।

इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य श्री संतोष राठौर एवं श्रीमती सपना चौहान, पार्षद रवि चंदेल, एल्डरमेन बच्चूलाल मखवानी, वरिष्ठ पत्रकार श्री मनोज शर्मा के साथ–साथ कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, गुजराती समाज के अध्यक्ष धीरेन संघवी, उपाध्यक्ष पीयूष राठौड, रोहितभाई साह, सचिव विशाल चन्द्रा, नंदलाल जेठवा, संजय चौहान, भरत मखवाना, नलिन भाई साह, तुषार चौहान, सुरेश चौहान, प्रदीप भाई चौहान, राजूभाई मखवाना, राजू शर्मा, वल्लभाई मखवाना, शांतिभाई साह आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।